तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 5 मई 2026



13 माता कर्मा सेवा और त्याग की मिसाल : अरुण साव





14 जिले में तेन्दूपत्ता संग्रहण को लेकर...






## खबर संक्षेप

### शिव मंदिर का किया जीर्णोद्धार, उद्घाटन 8 को



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर स्थित बस स्टैण्ड पौराणिक शिव मंदिर के जीर्णोद्धार एवं भव्य उदघाटन समारोह का आयोजन 8 मई से 10 मई तक किया जा रहा है। शिव मंदिर निर्माण समिति द्वारा 7 मई गुरूवार शाम 5 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी और 8 मई दिन शुकवार को पूजा प्रारंभ 9 मई दिन शनिवार का शिव प्रतिष्ठा एवं 10 मई दिन रविवार को विशाल शेष पेज 12 पर

# 15 साल में जंगल उजाड़ा, 106 हेक्टेयर अतिक्रमण पर 31 की जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- कोर्ट से जमानत खारिज होते ही अतिक्रमणकारियों को खदेड़ने की प्रक्रिया तेज

वन संरक्षण और कानून के कड़े पालन की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए जिला एवं सत्र न्यायालय, धमतरी ने उदंती-सीतानदी टाइगर रिज़र्व के संरक्षित मुख्य क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण और बड़े पैमाने पर वन क्षति के मामले में 31 आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने संरक्षित क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश कर लंबे समय तक वन संपदा को गंभीर नुकसान पहुंचाया। लगभग 230 पेड़ों को घेरकर सुखाया गया, 63 पेड़ों की कटाई की गई और ठूंठों को जलाकर कुल 26.349 हेक्टेयर क्षेत्र में कब्जा किया गया। यह कृत्य वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत 7 वर्ष शेष पेज 12 पर





### मौके पर जले ठूंठ और जानबूझकर सुखाए गए पेड़ मिले

हालांकि, मौके से मिले ताजा साक्ष्य घेरकर सुखाए गए पेड़ और जले हुए ठूंठ इन दावों को पूरी तरह खारिज करते हैं। राज्य के भू-अभिलेख अनुप्रयोग के माध्यम से की गई जांच में यह भी पाया गया कि अधिकांश आरोपियों के पास आरक्षित क्षेत्र के बाहर अन्य भूमि उपलब्ध है, जिससे उनके भूमिहीन होने का दावा निराधार साबित हुआ। अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद अब आरोपियों की गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वन विभाग ने अभियोजन की कार्रवाई तेज कर दी है और अतिक्रमणकारियों को वन भूमि से बेदखल करने की तैयारी की जा रही है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि संरक्षित क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण और वन विनाश के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई गई है। जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बाइक मवेशी से टकराया, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

सड़क दुर्घटना का शिकार हुए बेलर गांव के सक्रिय युवा टेरेंश (टोनू) साहू (36 वर्ष) ने सोमवार सुबह रायपुर के अस्पताल में दम तोड़ दिया। उनकी मृत्यु की खबर मिलते ही पूरे छुईहा-बेलर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। टेरेंश लंबे समय तक ग्राम पंचायत में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत रहे थे और अपनी मिलनसार छवि के लिए जाने जाते थे। हादसा 30 अप्रैल की रात करीब 8 बजे हुआ था। टेरेंश अपनी बाइक से जा रहे थे, तभी स्थानीय सहकारी बैंक के पास मुख्य मार्ग पर एक भैंस से उनकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उन्हें गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने तत्काल उन्हें रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां कई दिनों तक मौत से संघर्ष करने के बाद सोमवार सुबह 6 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। मंगलवार को गांव के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सबसे मार्मिक दृश्य तब दिखा जब टेरेंश का 8 साल का बेटा प्रियांशु और 10 साल की बेटी परी अपने पिता के पार्थिव शरीर को टकटकी लगाए निहार रहे थे। मृतक की पत्नी उर्मिला साहू, जो वर्तमान में वार्ड पंच हैं, उनका रो-रोकर बुरा हाल था। अंतिम शेष पेज 12 पर



### आवारा कुत्तों के हमले से नर हिरण की मौत



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र तौरेंगा में आवारा कुत्तों के हमले से एक नर हिरण की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कुत्तों के झुंड ने हिरण को जंगल की ओर दौड़ाते लाया और उसे बुरी तरह नोच डाला जिसकी जानकारी लगते ही वन विभाग ने घायल हिरण को इलाज के लिए ले जाया गया लेकिन कुत्तो के द्वारा बुरी तरह नोचने के कारण हिरण की मौत होने की जानकारी मिली है।






# जिले में विद्यार्थियों के लिए बनेगा नालंदा परिसर : साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- विद्यार्थियों को बेहतर और उन्नत अध्ययन सुविधाएं मिलेंगी

गरियाबंद नगर पालिका में विकास की नई इबारत लिखते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने रविवार को नगर पालिका क्षेत्र में 44 विकास कार्यों का एक साथ भूमिपूजन कर शहर को 8 करोड़ 15 लाख 98 हजार रुपए की सौगात दी। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न सामाजिक एवं सार्वजनिक कार्यों के लिए करीब 2 करोड़ रुपए की अतिरिक्त स्वीकृति देकर नगर के समग्र विकास को और मजबूती प्रदान की। उपमुख्यमंत्री के नगर आगमन पर नगर पालिका परिषद के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। आतिशबाजी, गजमाला और जयघोष के बीच पूरा शहर उत्साह से झूम उठा और कार्यक्रम स्थल पर जनप्रतिनिधियों व नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर किए गए भूमिपूजन में सबसे प्रमुख नालंदा परिसर निर्माण है, जिस पर 4 करोड़ 41 लाख 49 हजार रुपए खर्च होंगे। यह परिसर भविष्य में एक आधुनिक सेंट्रल लाइब्रेरी के रूप में विकसित होगा, जहां विद्यार्थियों को बेहतर और उन्नत अध्ययन सुविधाएं मिलेंगी।

इसके अलावा अधोसंरचना विकास के तहत सीसी सड़क, नाली और शेड निर्माण के 30 कार्यों के लिए 2 करोड़ 91 लाख 32 हजार रुपए तथा 15वें वित्त शेष पेज 12 पर






## खबर संक्षेप



### यज्ञ हमारी प्राचीन वैदिक परंपरा का अभिन्न अंग

**नवापारा-राजिम।** परसदा में लोक कल्याण एवं सशक्त भारत के निर्माण के लिए गृहे गृहे यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस आयोजन में महिलाओं एवं बालिकाओं के विशेष सहभागिता रही. सभी ने विधि विधान से हवन पूजन कर परिवार, समाज, गांव एवं राष्ट्र की सुख समृद्धि और शांति की कामना की। इस अवसर पर यज्ञकर्ता डिगेश्वरी वर्मा ने कहा कि यज्ञ हमारी प्राचीन वैदिक परंपरा का अभिन्न अंग है। इससे वातावरण की शुद्धि के साथ-साथ मन और आत्मा की पवित्रता भी बढ़ती है। गृहे गृहे यज्ञ का उद्देश्य प्रत्येक घर में धर्म, संस्कार और सकारात्मक सोंच का संचार करना है। सरपंच रमेश वर्मा ने कहा कि गृहे गृहे यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि हमारी सनातन संस्कृति और संस्कारों को जीवंत बनाए रखने का सशक्त माध्यम है। प्रज्ञा मंडल के कोषाध्यक्ष पूरन लाल साहू ने कहा कि गायत्री परिवार का मूल उद्देश्य व्यक्ति एवं राष्ट्र निर्माण है। व्यक्ति के निर्माण से ही राष्ट्र का निर्माण संभव है।

### टीबीएस स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**नवापारा-राजिम।** ताराचंद बोथरा स्मृति विद्यालय में हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में





सिद्धि शर्मा 92.16 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त की। कक्षा बारहवीं में नेहा भीमानी ने 93.60 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही। दोनों ही छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला ,माता-पिता व परिवार के साथ ही नगर को गौरान्वित किया है।

### जयंत साहू को 10वीं बोर्ड में 94.16% अंक मिले

**सुरसाबांधा।** ग्राम श्याम नगर निवासी होनहार छात्र जयंत कुमार साहू ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में 94.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। वे बी.एस.



आर्या पब्लिक स्कूल, अमलीडीहि पांडुका के छात्र हैं। जयंत के पिता देवलाल साहू शोभा मेडिकल स्टोर के संचालक हैं एवं माता पिलेश्वरी साहू गृहिणी हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय एवं पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

### युक्ता साहू 12वीं बोर्ड में 92.6% अंक लाकर बनीं स्कूल टॉपर

**राजिम।** संत कवि पवन दीवान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरवई के कक्षा 12वीं में अध्यनरत छात्रा युक्ता साहू ने



92.6% अंक प्राप्त करके अपने विद्यालय में प्रथम स्थान पर उत्तीर्ण होकर शाला, ग्राम तथा परिवार का नाम रौशन की है। इन्होने गणित में 100 में 99 अंक प्राप्त किया हैं।

### आत्मानंद स्कूल फिंगेश्वर में प्रवेश के लिए कल निकलेगी लॉटरी

**फिंगेश्वर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फिंगेश्वर में सत्र 2026–27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 6 मई को प्रातः 10 बजे विद्यालय परिसर में संपन्न होगी। नए शिक्षा सत्र में भर्ती की प्रक्रिया विद्यालय परिसर में पूरे नियमों के तहत किया जाएगा जिसमें 25 प्रतिशत, बीपीएल 50 प्रतिशत, बालिका और बचे हुए 25 प्रतिशत पर अन्य की लॉटरी के माध्यम से बच्चों का चयन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में उपस्थित अतिथि, अधिकारीगण, पालकगण के हाथों लॉटरी के माध्यम से किया जाना है जितने भी पालक जनप्रतिनिधि इस लॉटरी प्रक्रिया में भाग लेना चाहते हैं वे समय पर उपस्थित होकर इस प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं उक्त जानकारी विद्यालय के प्राचार्य सोहनलाल सेन ने दी है।

---

**सुशासन तिहार: सेम्हरतरा में जनसमस्या निवारण शिविर से ग्रामीणों में जगी नई उम्मीद**

# काम में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजिम शहर से लगे ग्राम सेम्हरतरा में सोमवार को आयोजित सुशासन तिहार के तहत जनसमस्या निवारण शिविर ने ग्रामीणों के बीच नई आशा और विश्वास का संचार किया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी छोटी-बड़ी व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर विभिन्न विभागों के स्टालों तक पहुँचे। शिविर में लगाए गए विभागीय स्टालों पर ग्रामीणों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए। कई स्टालों पर अधिकारियों ने नियमों के तहत तत्काल निराकरण योग्य समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया, जिससे ग्रामीणों के चेहरे पर संतोष साफ झलकता दिखाई दिया। वहीं कुछ मामलों में अधिकारियों ने संबंधित प्रक्रियाओं के चलते एक सप्ताह से लेकर पंद्रह दिनों के भीतर समाधान का आश्वासन दिया। विधायक रोहित साहू ने कहा कि राज्य सरकार सुशासन के सिद्धांत पर कार्य कर रही है और हर नागरिक की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

### विकास कार्यों का दिया हिसाब

विधायक श्री साहू ने बताया कि सीएम विष्णुदेव साय खुद चाहते है कि जितने भी पुराने पेंडिंग प्रकरण है उसे पहले निदान किया जाए। फौती, नामांतरण, बंटवारा संबंधित प्रकरणों को प्राथमिकता में रखकर जनता को राहत दिलाएं। विधायक ने यह भी कहा कि उनके निवास में लगने वाले जनदर्शन में रोज बड़ी भीड़ पहुंचती है। कभी-कभी दो-तीन सौ से यह भीड़ पांच-सात सौ तक पहुंच जाता है। सभी के समस्याओं को सुनकर निदान करने का प्रयास करते है। भगवान तो नही है फिर भी जितना बन पड़ता है करते है। उन्होने बताया कि वे जब अपने इसी गांव से दो बार सरपंच रहे, सरपंच संघ के अध्यक्ष भी रहे तो बहुत ही दृढ़ईच्छा शक्ति के साथ काम किया। ओडीएफ में नंबर वन बनाया। ग्राम पंचायत परिसर में गार्डन पौधारोपण कर हरियाली लाया। इसे देखने के लिए देश के 18 राज्यो के आईएएस अफसर सेम्हरतरा-पीपरछेड़ी पहुंचे थे।

तब यह गांव पूरे प्रदेश में अखबारो की सुर्खियां बनी थी। बताया कि कांग्रेस शासनकाल में एक गांव को मुश्किल से एक साल में 5 लाख रूपए का भी विकास कार्यो के लिए पैसा नही मिलता था लेकिन आप देख रहे है कि कौंदकेरा गांव को 10 करोड़ रूपए,देवरी,किरवई ,बेलटुकरी आदि गांव को डेड़-डेड़ करोड़, श्यामनगर-परतेवा जैसे अनेको गांव को 60-70 लाख रूपए तक एक साल में दिया गया है। इसी हमारे गृहग्राम को 6-7 करोड़ रूपए विकास कार्य के लिए दिया है। ऐसा कभी किसी विधायक ने दिया हो तो बताएं। इस अवसर पर सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू द्वारा यहां मौजूद 13 ग्राम पंचायतों के लिए राशि स्वीकृत करने अनुरोध किया। विधायक श्री साहू ने प्रत्येक ग्राम पंचायत को 2-2 लाख रूपए देने की घोषणा की।



#### ये रहे शामिल

शिविर में कलेक्टर बी एस उईके, जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर,एसडीएम विशाल महाराणा,जल संसाधन के कार्यपालन अभियंता एस के बर्मन ,भाजपा के जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, सहित सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, जिला पंचायत सदस्य नंदनी-ओंकार साहू, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, बेलटुकरी सरपंच पुराणिक साहू, वीरेंद्र साहू, बलराम साहू, सविता साहू, वामन निर्मलकर, गोरखा साहू, डिगेश्वर साहू, हेमंत साहू, मनोज यादव, जानकी ध्रुव, षटकोण साहू, अंजली साहू सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।



#### लापरवाह अफसरों को मंच पर किया तलब

विधायक ने साफ-साफ कहा की हम यहां माला पहनने नहीं आए है, जनता की समस्याओं का समाधान करने आए हैं। बता दें कि स्टॉलो के निरीक्षण के बाद मंच पर पहुंचकर विधायक रोहित साहू ने एक-एक विभागों के अधिकारियों को मंच पर तलब किया जो अधिकारी शिविर से नदारद रहे उनके प्रति गहरी नारजगी जताई। इस दौरान विधायक का तेवर देखते ही बन रहा था। मत्स्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी को जब मंच पर बुलाया गया उन्हें पूछा गया कि आपके विभाग में शासन की योजनाओं का लाभ कितने लोगों को मिला? अधिकारी का रटा-रटाया जवाब था देखना पड़ेगा सर। फिर तो विधायक किंचित गुस्साए और कहने लगे कि शिविर में जब आए हो तो पूरी जानकारी लेकर आनी चाहिए। उस वक्त उस अधिकारी का मुंह लटक गया। फिर बारी आई सीएसईबी की। इस विभाग से जेई खड़े हुए उनसे पूछा कि डीई कहां है? तुरंत उसे फोन लगाओ बुलाओ। कुछ ही देर में डीई महोदय पहुंचे। फिर विभाग के संदर्भ में उनसे मंच पर ही चर्चा की।

---



# डिप्टी सीएम पहुंचे भाजपा नेता लाला साहू के निवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

उप मुख्यमंत्री अरुण साव राजिम भक्तिन माता चौक पर रुका यहां पर भाजपा नेता लाला साहू अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ आतिशबाजी कर पुष्प माला पहनकर स्वागत किया तत्पश्चात उप मुख्यमंत्री श्री साव ने भक्तिन माता चौक पहुंचकर माता की प्रतिमा में माल्यार्पण किया। भक्तिन माता का माल्यार्पण कर उपमुख्यमंत्री श्री साव जी भाजपा नेता एवं राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू के निवास में पहुंचे। उपमुख्यमंत्री श्री साव जी का निवास स्थान पर पूरे परिवार की ओर से पारंपरिक एवं आत्मीय भाव से भव्य स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत के अवसर पर उन्हें गुलदस्ता तथा ग्रीष्म ऋतु के अमृत फल खरबूज प्रदान किया गया। उपमुख्यमंत्री श्री साव जी के स्वागत अवसर पर जिला भाजपा के महामंत्री चंद्रशेखर साहू भाजपा नेता राजू साहू नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामकुमार साहू राजू साहू विष्णु साहू तरुण साहू डॉक्टर ओंकार साहू भवानी शंकर साहू पार्षद बलराम यादव पूर्व पार्षद अरविंद यदु पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष शिवराज देवांगन डिगेश्वर साहू आकाश त्रिपाठी प्रदेश अध्यक्ष राज्य कर निरीक्षक संघ (जीएसटी) , भाजयुमो जिला मंत्री अविनाश साहू ओम प्रकाश गब्बर साहू मोवा दिलीप साहू रायपुर युवा नेता प्रणव शर्मा, दुष्यंत साहू युवराज साहू कुणाल गोस्वामी किस लाल साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता, सर्व समाज के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में उपमुख्यमंत्री के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की। उपमुख्यमंत्री अरुण साव को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गईं तथा ईश्वर से प्रार्थना की गई कि उनका कुशल नेतृत्व सदैव छत्तीसगढ़ प्रदेश को प्रगति, सुशासन एवं जनकल्याण के पथ पर अग्रसर करता रहे।

# अरुण साव ने किया शिवलिंग स्थापना व आध्यात्मिक म्यूजियम का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

नगर पंचायत कोपरा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित रजत जयंती महोत्सव में उप मुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने नवनिर्मित शिवलिंग एवं बारह ज्योतिर्लिंग मूर्ति स्थापना के साथ आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी म्यूजियम का विधिवत शुभारंभ किया। ब्रह्माकुमारी संस्थान के 25 वर्ष एवं माउंट आबू मुख्यालय के 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा, हवन-पूजन, भजन-कीर्तन, सत्संग एवं आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी जैसी विभिन्न धार्मिक गतिविधियां संपन्न हुईं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व हाईकोर्ट न्यायमूर्ति बी.डी. राठी उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजिम विधायक रोहित साहू ने की। विशेष अतिथियों में चंदूलाल साहू, संतोष उपाध्याय, अनिल चंद्राकर, रूपनारायण साहू, चंद्रशेखर साहू आशीष शर्मा अजय रोहरा एवं गोपी ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। राजयोगिनी पुष्पा दीदी, सुमिता दीदी, आशीष गुप्ता भाई, नारायण भाई एवं रेवती दीदी ने आध्यात्मिक जीवन, योग और संस्कारों पर मार्गदर्शन दिया। इस दौरान संस्था के बीके कुंती बहन, बीके लेखनी बहन लोकेश साहू भाई श्यामलाल निषाद भाई विशेष रूप से मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव का सम्मान स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। 2 मई को शाम 4 बजे नगर में कलश यात्रा निकाली गई। वहीं 3 मई को शिवलिंग एवं ज्योतिर्लिंग मूर्ति स्थापना सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा मुख्य मंचीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान, कोपरा में संपन्न हुआ। दोपहर 2 बजे से ब्रह्मा भोजन (प्रसाद) का वितरण किया गया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को आध्यात्मिक दिशा देने के साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने का कार्य करते हैं। उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्था की इस पहल को सराहनीय और ऐतिहासिक बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया बंगाल जीत का जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय स्थित तिरंगा चौक में भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। पूरे क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों की गूंज, आतिशबाजी और नारों के साथ जीत का जश्न मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध व्यंजन झालमुड़ी एवं रसगुल्ला खिलाकर बधाई दी। झालमुड़ी की विशेष व्यवस्था के कारण कार्यक्रम स्थल पर पश्चिम बंगाल संस्कृति की झलक देखने को मिली, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया, कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाते नजर आए। जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि यह विजय जनता के अटूट विश्वास, पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों और कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा जनसेवा के प्रति समर्पित रही है और आगे भी सरकार द्वारा किए गए सभी वादों को प्राथमिकता के साथ प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। जिला महामंत्री आशीष शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता, संगठन के प्रति निष्ठा और निरंतर परिश्रम ने यह ऐतिहासिक सफलता दिलाई है। उन्होंने कहा कि पार्टी की विकासोन्मुखी सोच और पारदर्शी कार्यशैली पर जनता ने विश्वास जताया है, जो संगठन के लिए गर्व का विषय है। साथ ही उन्होंने कहा की पश्चिम बंगाल में जंगल राज का सफाया हो गया जिसका सकारात्मक परिणाम इस विजय के रूप में सामने आया है। जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा ने कहा कि यह जीत पार्टी की सशक्त रणनीति, नेतृत्व की दूरदर्शिता और कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह विजय आने वाले समय में संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, उमंग और जीत की खुशी का माहौल बना रहा।

# मछली पालन कर आत्मनिर्भर बनीं सौहद्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ग्राम पिपरछेड़ी की जय मां वैष्णवी समूह से जुड़ी महिला सौहद्रा साहू आज पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बनकर उभरी हैं। उन्होंने मछली पालन को अपनी आजीविका का माध्यम बनाते हुए आत्मनिर्भरता की एक नई मिसाल पेश की है। सौहद्रा साहू ने वर्ष 2024 में राज्य पोषित योजना के तहत गांव के तालाब को लीज पर लेकर मछली पालन का कार्य प्रारंभ किया। मछली पालन के लिए आवश्यक जाल की जरूरत को लेकर उन्होंने



सुशासन तिहार के समाधान शिविर में आवेदन किया था। प्रशासन ने उनकी समस्या को निराकरण किया। ग्राम सेंमहरतरा में आयोजित शिविर में विधायक रोहित साहू, कलेक्टर बी.एस. उईके एवं जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर की उपस्थिति में उन्हें मछली जाल का वितरण किया गया। यह पहल महिला की आजीविका को सशक्त बना रही है, साथ ही पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक मिसाल भी प्रस्तुत कर रही है। सौहद्रा साहू आज स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं और अन्य महिलाओं को भी स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। ग्रामीण महिलाओं को शासकीय योजनाओं का लाभ मिलने से आज वे आत्मनिर्भर बनकर समाज में अपनी मजबूत पहचान बना रही हैं।

---

## पेज 11 के शेष...

### शिव मंदिर का ...

भंडारा का आयोजन किया गया है। इस दौरान पूजा अर्चना आचार्य पंण्डित नंद किशोर चौबे महराज द्वारा केदाररेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कराई जायेगी, मैनपुर में जन सहयोग से विशाल मंदिर का निर्माण किया गया है जिसके उदघाटन को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है श्री रामसेना हिन्दु संगठन, शिव सेवा वाहिनी मैनपुर एवं दुर्गा वाहिनी मैनपुर सहित समस्त नगर व क्षेत्रवासी इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारी किया जा रहा है।

### 15 साल में जंगल...

तक के कारावास तथा सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान निवारण अधिनियम के तहत 5 वर्ष तक की सजा से दंडनीय है। उपग्रह साक्ष्यों ने मामले को और गंभीर बना दिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन से प्राप्त उपग्रह आंकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट हुआ कि वर्ष 2011 में लगभग 45 हेक्टेयर से शुरू हुआ अतिक्रमण 15 वर्षों में बढ़कर 106 हेक्टेयर तक पहुंच गया। वर्ष 2010 के बाद वन आच्छादन में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। कुल 166 आरोपियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 35 सहित भारतीय वन अधिनियम, 1927 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत नोटिस जारी किए गए हैं, लेकिन कई आरोपियों ने जांच में सहयोग नहीं किया। कुछ आरोपियों ने अपने लिखित जवाब में स्वीकार किया कि उनके पास कब्जाई गई वन भूमि का कोई वैध स्वामित्व नहीं है। इसके बावजूद उन्होंने अपने पूर्वजों द्वारा खेती किए जाने का दावा करते हुए स्वयं को प्रकृति प्रेमी बताया।

### बाइक मवेशी से...

यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि शामिल हुए। **सड़कों पर आवारा पशु बने काल-** इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर सड़कों पर घूमते पशुओं की समस्या को उजागर कर दिया है। ग्रामीणों में पशु मालिकों की लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश है। रात के समय मुख्य मार्गो पर बैठने वाले पालतू और आवारा पशु राहगीरों के लिए 'डेथ ट्रैप' साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लोग दूध निकालने के बाद पशुओं को लावारिस छोड़ देते हैं और रात तक उनकी सुध नहीं लेते। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि सड़क पर पशु छोड़ने वाले मालिकों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी और का घर न उजड़े।

### जिले में विद्यार्थियों...

आयोग मद से 13 कार्यों के लिए 83 लाख 17 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से शहर की बुनियादी सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा और नागरिकों को बेहतर सड़क एवं जल निकासी व्यवस्था का लाभ मिलेगा। **बुनियादी ढांचे की मजबूती के लिए करोड़ों की स्वीकृति-** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने इसे गरियाबंद के लिए ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि नालंदा परिसर और अन्य विकास कार्य शहर के भविष्य की दिशा तय करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों को आधुनिक शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण देने के साथ-साथ शहरों के अधोसंरचना विकास पर भी विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में गरियाबंद के लिए 22 करोड़ 79 लाख रुपए के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जो सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रहे योजनाबद्ध विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में शहरों को स्वच्छ, व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि गरियाबंद ने ग्राम पंचायत से जिला बनने तक विकास की नई पहचान बनाई है और सरकार बनने के बाद प्रदेश में चौमुखी विकास देखने को मिल रहा है। उन्होंने नालंदा परिसर की तर्ज पर बनने वाली सेंट्रल लाइब्रेरी के लिए उपमुख्यमंत्री का आभार जताया और नगर में ऑडिटोरियम निर्माण की मांग दोहराई। **2 करोड़ की अतिरिक्त सौगात-** कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने सामाजिक एवं सार्वजनिक संस्थाओं को भी बड़ी राहत देते हुए करीब 2 करोड़ रुपए की अतिरिक्त सहायता की घोषणा की। इसके अंतर्गत पत्रकार भवनों के लिए 5-5 लाख रुपए, प्रजापति ब्रह्मकुमारी आश्रम के लिए 15 लाख रुपए, साहू समाज के लिए 25 लाख रुपए तथा नगर पालिका के लिए डेढ़ करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएं, स्वीकृति तत्काल प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू,नगरपालिका अध्यक्ष रिखी यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, अनिल चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, पूर्व अध्यक्ष गफ्फू मेमन,पारस ठाकुर,सुरेंद्र सोनटके,अजय रोहरा,चन्द्रशेखर साहू,शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद अध्यक्ष सोहन ध्रुव, उपाध्यक्ष लेखराम साहू,मण्डल अध्यक्ष धनंजय विश्वकर्मा, सुमित परख,जिला उपाध्यक्ष गुरु नारायण तिवारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भारत अब भगवामय होने की ओर अग्रसर : चंद्रशेखर साहू

**नवापारा-राजिम।** पश्चिम बंगाल और असम राज्यों के साथ ही केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में भाजपा की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ के पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि इस जीत के वास्तविक नायक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के लाखों समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ ही मातृशक्तियां हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को एक भरोसा दिलाया कि उनकी पार्टी की सरकार आने पर उनका राज्य विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा। वहीं कार्यकर्ताओं ने भीषण गर्मी में भी दिन-रात एक कर मोदी सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर लोगों को पक्का विश्वास दिलाया कि पीएम मोदी और भाजपा सरकार हैं तो विकास और सुशासन है। यह जीत सिर्फ जीत नहीं बल्कि विचारधारा का विस्तार है श्री साहू ने कहा कि विशेषकर पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत बीजेपी मुख्यालय में आज गुलाल उड़ रहा है, लेकिन यह जश्न सिर्फ जीत का नहीं है। यह उस संकल्प के पूरा होने का है, जो 1951 में डॉ. मुखर्जी ने लिया था। पहली बार बंगाल विधानसभा में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर कोई कमल का सिपाही बैठेगा। भाजपा के लिए यह जीत इसलिए भी बड़ी है, क्योंकि उन्होंने उस धरती पर अपनी सत्ता स्थापित की है, जहां से उनके वैचारिक पूर्वज ने भारत को एक नई दिशा देने का साहस किया था।



### विभाजनकारी राजनीति का अंत सुशासन की जीतः योगिता सिन्हा

नवापारा-राजिम। बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा महिला प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य योगिता सिन्हा ने हर्ष जताते हुवे पश्चिम बंगाल की जनता को जीत की बधाई दी है। योगिता सिन्हा ने कहा कि जनता ने विभाजनकारी राजनीति को नकार दिया है। और सुशासन के पक्ष में वोट किया है। पश्चिम बंगाल चुनाव के नतीजे तुष्टिकरण की राजनीति का अंत का संकेत है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जनादेश देने के लिए बंगाल की जागरूक एवं राष्ट्रनिष्ठ जनता का हृदय से कोटि-कोटि अभिनंदन है। कहा कि ममता बनर्जी की सत्ता से विदाई इस बात का प्रमाण है कि जनता अब उस मॉडल को स्वीकार नहीं करेगी, जहां अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के नाम पर बहुसंख्यक समाज के साथ दोहरा व्यवहार किया जाता है। बंगाल की माता बहनों ने अपनी असुरक्षा और युवाओं ने अपने भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ का हिसाब 'वोट की चोट' से चुका दिया है। जो लोग सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति का अपमान कर राजनीति कर रहे थे, उन्हें जनता ने कड़ा सबक सिखाया है। बंगाल की जनता ने साफ संदेश दिया है कि उन्हें विभाजनकारी राजनीति नहीं बल्कि सुरक्षित माहौल और सुशासन चाहिए।



### आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए लॉटरी कल

**गरियाबंद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, गरियाबंद में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए 6 मई 2026, बुधवार को लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। कक्षा पहली की 50 सीटों के लिए 4 मई तक कुल 65 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, वहीं 5 मई तक कुछ और आवेदन आने की संभावना है। ऐसे में निर्धारित सीटों के लिए लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार अन्य कक्षाओं में सभी सीटें पहले से ही भर चुकी हैं, जबकि कक्षा 11वीं में पर्याप्त सीटें उपलब्ध हैं, इसलिए वहां लॉटरी की आवश्यकता नहीं होगी। लॉटरी प्रक्रिया 6 मई को सुबह 10 बजे से शाला प्रबंधन समिति, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में पारदर्शिता के साथ संपन्न की जाएगी। विद्यालय प्रशासन ने सभी पालकों से अपील की है कि जिन्होंने अपने बच्चों के प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है, वे लॉटरी प्रक्रिया में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**समारोह : साहू समाज के शपथ ग्रहण में पहुंचे डिप्टी सीएम, छात्रावास के लिए 25 लाख की घोषणा**

# माता कर्मा सेवा और त्याग की मिसाल : अरुण साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला मुख्यालय स्थित साहू छात्रावास में साहू समाज के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। जिला साहू समाज के शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए। गरियाबंद में रविवार को सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का बड़ा आयोजन संपन्न हुआ जहाँ जिला साहू संघ गरियाबंद द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण समारोह से पूरे जिले में उत्साह का माहौल बन गया यह कार्यक्रम साहू छात्रावास परिसर में आयोजित किया गया था।

इस खास अवसर पर समाज के नव-निर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारीयों को शपथ दिलाया और समाज सेवा के लिए अपने दायित्वों को निभाने का संकल्प लिया। आयोजन को भव्य बनाने के लिए विशेष तैयारियां की थी, जिससे यह कार्यक्रम सिर्फ औपचारिक न रहकर एक यादगार उत्सव बन गया।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए वहीं अध्यक्षता ताम्रध्वज साहू पूर्व अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ एवं पूर्व गृह मंत्री,प्रमुख अतिथि विधायक रोहित साहू चंदुलाल साहू अध्यक्ष भंडार गृह निगम,विधायक संदीप साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू, पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू, लाला साहू, पवन साहू जी,साधना साहू ,सुनील साहू ,भुनेश्वर साहू, नंदनी साहू, इन्द्राणी साहू, रिखी यादव अध्यक्ष नपा गरियाबंद ,अनिल चंद्राकार अध्यक्ष भाजपा गरियाबंद,चित्ररेखा साहू ,सहित कई जनप्रतिनिधि, समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और गणमान्य नागरिको की उपस्थिति रही। इस आयोजन की खास बात यह रही कि रंग महल सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था , जिसमें स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा। यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता, परंपरा और प्रतिभा को एक मंच पर लाने का प्रयास। अरुण साव ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में साहू समाज को संबोधित करते हुए भक्त माता कर्मा के जीवन और उनके संदेशों को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि माता कर्मा केवल आस्था की प्रतीक नहीं, बल्कि सेवा, त्याग और समाज एकता की मिसाल हैं।





### युवा ही समाज की असली ताकत

विधायक रोहित साहू का जोशीला संदेश, साहू समाज में नई ऊर्जा का संचार रोहित साहू ने युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि आज का युवा सिर्फ अपने करियर तक सीमित न रहे, बल्कि समाज की जिम्मेदारियों को भी समझे। शिक्षा हासिल करें, आगे बढ़ें, लेकिन अपनी जड़ों और समाज को कभी न भूलें, उन्होंने जोर देते हुए कहा। युवाओं को तीन मुख्य मंत्र दिए एकता, शिक्षा और सेवा। उनके अनुसार, अगर युवा इन तीन स्तंभों पर चलेंगे, तो न सिर्फ खुद सफल होंगे बल्कि पूरे समाज को भी नई दिशा देंगे। नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू का स्वागत भाषण में पूरा मंच तालियों से गूंज उठा।

### ये रहे शामिल

इस दौरान जिला साहू संघ के संरक्षक सोमप्रकाश साहू, कुंजनलाल साहू,राजेश साहू, देवराज साहू उपाध्यक्ष,पुष्पा साहू, चंदन साहू महासचिव, मुकेश साहू कोषाध्यक्ष, ठाकुर राम साहू, सुनीति साहू, ईश्वर साहू, रूपेश साहू, तहसील अध्यक्ष गण जगदीश साहू, खोमन साहू, महेंद्र साहू, रामाधार साहू, बाबूलाल साहू, अशोक साहू, संयुक्त सचिव शेखर साहू, संगठन सचिव तुला राम साहू, महामंत्री युवा प्रकोष्ठ रोशन लाल साहू, राकेश साहू उपाध्यक्ष, महेंद्र साहू, मिलेश्वरी साहू, नरायण साहू, गैंदलाल साहू, जागेश्वरी साहू, मोमिन साहू, टेमेश्वरी, तनु साहू, खुशी साहू, घनाराम साहू, रवि साहू, सजेश साहू, टीकम साहू, मनोहर सुनीता साहू, लोकिन, डाली साहू, अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज श्री रूपसिंह साहू, प्रकाश साहू, रामकुमार साहू, अश्वनी साहू उपस्थित रहे।



# बंगाल में भाजपा की जीत पर राजिम में जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर राजिम क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया। विधायक रोहित साहू ने इस जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश के गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व की सराहना की। विधायक निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर आतिशबाजी की और जीत का जश्न मनाया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी गई। विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प और अमित शाह की संगठनात्मक क्षमता के चलते देश के विभिन्न हिस्सों में भाजपा लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की यह जीत पार्टी के लिए ऐतिहासिक है और आने वाले समय में देश की राजनीति पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा। कहा कि असम और पुडुचेरी में भी पार्टी को मिली सफलता यह दर्शाती है कि जनता भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों पर विश्वास जता रही है। भाजपा का जनाधार निरंतर बढ़ रहा है और कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग ला रही है। विधायक ने कहा कि यह जीत केवल एक राज्य की सफलता नहीं, बल्कि पूरे देश में सकारात्मक राजनीति की दिशा को मजबूत करने वाली है। इससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और आने वाले समय में पार्टी और मजबूती के साथ जनसेवा के कार्य करेगी। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए आगामी चुनावों में भी इसी तरह की जीत का संकल्प लिया। देर रात तक शहर में जश्न का दौर चलता रहा। जश्न के दौरान कार्यकर्ता भारत माता की जय और भाजपा जिंदाबाद,नरेंद्र मोदी जिंदाबाद,अमित शाह जिंदाबाद के नारे लगाते रहे।

# तपिश का कहर, अंचल के तालाबों ने तोड़ा दम, गहराने लगा जल संकट





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

इस वर्ष पड़ रही भीषण गर्मी का असर अब साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। अंचल के अधिकांश तालाबों में पानी का स्तर काफी कम हो गया है। जबकि कई छोटे तालाब और डबरियां पूरी तरह सूख चुकी है। मिली जानकारी के मुताबिक अंचल में अभी भी डेढ़ दर्जन तालाब मौजूद है। जिनमें कुछ में तो 20% जल भरा हुआ है। और कुछ इससे भी कम हो गया है। कुछ ही तालाबों का उपयोग लोग नहाने के लिए कर रहे हैं। इस बार की गर्मी ने सिस्टम की हर व्यवस्था को नाकाम कर दिया है। ज्ञात हो कि एनीकेट पानी 2 महीने पहले ही सुख चुका है और नदियां का पानी भी धीरे-धीरे सिकुड़ता जा रहा है। गर्मी के चलते पानी तेजी के साथ वाष्पीकृत हो रहे हैं, इधर तालाब भी हांफ रहे हैं। इसके चलते भूजल स्तर लगातार नीचे गिर रहा है। और पानी की किल्लत आम समस्या बनती जा रही है। हालात ऐसे हो गए हैं, कि लोगों को अब पानी की एक-एक बूंद सहेजकर इस्तेमाल करनी पड़ रही है। अंचल में नाल से आने वाले पानी की आपूर्ति का समय भी कम कर दिया गया है। जहां पहले पर्याप्त समय तक पानी मिलता था। वहीं अब सीमित समय के लिए ही जलापूर्ति हो रही है। इससे आम नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग स्वयं कहने लगे हैं कि हलजल है तो जीवन हैह्व और पानी के महत्व को अब पहले से अधिक समझने लगे है। पूर्वजों ने गर्मी के दिनों में पानी की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अंचल में बड़ी संख्या में तालाब और डबरियां बनवाई थीं।

# मैनपुर में भाजपाइयों ने निकाली विजय जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी मे ऐतिहासिक जीत पर भाजपा मंडल मैनपुर द्वारा विजय जुलुस निकालकर मैनपुर बस स्टैंड मे जोरदार आतिशबाजी किया गया ढोल नंगाड़ो की धून मे जमकर ज"न मनाई गई और मिठाई वितरण किया गया इस दौरान भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष संतोश यादव ने कहा यह जीत राष्ट्रवाद विकास और भाजपा कार्यकर्ताओ की जीत है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे और गृहमंत्री अमीत शाह के कुशल रणनीति ने भाजपा को आज वि"व मे एक सशक्त शक्ति के रूप मे स्थापित कर दिया है यह जीत लोकतंत्र और वि"वास की जीत है। भाजपा मंडल महामंत्री दिनेश सचदेव ने कहा बंगाल मे भाजपा को मिली जीत भाजपा के असंख्य कार्यकर्ताओं के त्याग संघर्श और बलिदान का परिणाम है बंगात ने जिन आशाओ और आकांक्षाओ के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व पर यह वि"वास जताया है भाजपा उसे अव"य पूरा करेगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव, महामंत्री दिनेश सचदेव, योगेश शर्मा, रामस्वरूप साहू, हरिनाथ यादव, भाजपा नेत्री नंदनी नेताम, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, सरिता ठाकुर, नंदकिशोर चौबे, मैनपुर सरपंच हनिता नायक, रामदास वैष्णव, रूपेश साहू, मनोज मिश्रा, सुधीर राजपूत, मनोज निर्मलकर, तुलसी राठौर, मोहित द्विवेद, शिशुपाल नायक, अजय बघेल, अजीत लाल, गुलशन साहू, रामजी साहू, डाकेश्वर नेगी, दिलीप साहू, दिनेश शर्मा, महेन्द्र सोनी, देवराज साहू एवं बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आत्मानंद विद्यालय फिंगेश्वर में दसवीं बोर्ड का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, फिंगेश्वर ने इस वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। विशेष रूप से कक्षा 10वीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, वहीं 12वीं में 97 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के इस बेहतरीन प्रदर्शन से पूरे अंचल में हर्ष का माहौल है। कक्षा 10वीं में कुल 40 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए थे और सभी 40 उत्तीर्ण रहे। चंदन मार्कंडेय 95.67% अंक प्राप्त कर गरियाबंद जिले की प्रावीण्य सूची में चौथा स्थान हासिल किया। देविका साहू 90% अंकों के साथ स्कूल में दूसरे स्थान पर रहीं। पुष्प लता साहू 88% अंक पाकर स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। 12वीं बोर्डः अमेया साहू रही टॉपर कक्षा 12वीं में 39 में से 38 छात्र उत्तीर्ण हुए, जबकि एक छात्र को पूरक (सप्लीमेंट्री) आई है। अमेया साहू 91.4% अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान। अंशु टोंडरे 90.8% अंकों के साथ द्वितीय स्थान। ओमकार सोनी 90.02% अंकों के साथ तृतीय स्थान। बच्चों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष मनीष हरित सहित समिति के अन्य सदस्यों ने खुशी जाहिर की है। अशोक साहू, युगल किशोर साहू, दीपक पोद्दार, ज्योति राजपूत, लक्ष्मी श्रीवास्तव, केडी सोनवानी, शुभम जैन, अशोक सिन्हा, सुमन श्रीवास, कमलेश कश्यप, अरुण साहू और किरणेश सोनी शामिल हैं।

# भाजपा को मिली ऐतिहासिक सफलता : देवांगन



**नवापारा-राजिम।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत होने पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपाइयों ने जमकर जश्न मनाया। इस मौके पर युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन भी प्रदेश कार्यालय पहुंचे और जश्न में शामिल हुए। किशोर ने भाजपा की जीत पर कहा कि यह जनादेश तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और भय की राजनीति पर विकास, सुशासन एवं राष्ट्रहित की निर्णायक विजय है, विशेषकर बंगाल की यह ऐतिहासिक जीत वहां के समर्पित कार्यकताअरं के अथक परिश्रम, त्याग और संकल्प का परिणाम है। इस जीत ने एक बार फिर साबित कर दिया कि देश पीएम मोदी पर भरोसा करता है। सही मायनों में कहा जाय तो इस जीत के वास्तविक शिल्पकार हमेशा की तरह पीएम मोदी ही हैं, जिनके सशक्त नेतृत्व व मार्गदर्शन में गृह मंत्री अमित शाह व राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नबीन जी की जोड़ी के संयुक्त निर्देशन में पार्टी के लाखों देवतुल्य कर्मठ कार्यकर्ताओं ने इस जीत की नींव रखी। अगर यही क्रम जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब भारत भाजपामय होगा। देवांगन ने आगे कहा कि भाजपा की जीत में मातृशक्तियों के योगदान को कमतर नहीं आंका जा सकता, जिन्होंने हर बार की तरह इस बार भी भाजपा को जमकर वोट दिया। खुद पीएम मोदी मातृशक्तियों के इस आशीर्वाद के लिए हर बार उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। निश्चित तौर पर भाजपा मातृशक्तियों की सदैव ऋणी रहेगी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य जारी गुणवत्ता पर दिया जोर



**छुरा।** ग्राम मोंगरा लघु वनोपज समिति में इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य जोरों पर है। परिक्षेत्र अधिकारी लवकुश पांडेय ने बताया कि इस वर्ष समिति की तेंदूपत्ता बिक्री 11,345 रुपये में हुई है। अच्छी कीमत मिलने से उत्साहित होकर ग्रामीण भारी संख्या में संग्रहण कार्य में भाग ले रहे हैं।हाल ही में संग्रहण कार्य का जायजा लेने के लिए अधिकारियों की टीम निरीक्षण पर पहुंची। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संग्रहण की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण टीम में शामिल अधिकारी लवकुश पांडेय परिक्षेत्र अधिकारी, छुरा , प्रमिला ध्रुव पर्यवेक्षक छुरा, समिति प्रबंधन की उपस्थिति उमेश मेश्राम वन प्रबंधक, गीतांजलि ठाकुर पर्यवेक्षक, रामचंद्र नायक समिति संचालक, अशोक कुमार नायक फड़ मुंशी ग्रामीणों में इस बार तेंदूपत्ता संग्रहण को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वन विभाग और समिति प्रबंधन के बेहतर तालमेल से कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

## डांगनबाय में जनगणना कार्य जोरों पर, 80 परिवारों की गणना पूरी



**छुरा।** ग्राम डांगनबाय में शासन के निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में 1 मई से जनगणना कार्य प्रारंभ हो चुका है। प्रशिक्षित कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जिसके तहत ग्रामों में प्रत्येक परिवारों का 34 प्रकार का प्रश्नों का उत्तर भरा जा रहा है। मीना यादव शिक्षिका के द्वारा जनगणना कार्य उनके द्वारा बताया गया 80 परिवारों का मकान का गणना किया जा चुके हैं नागरिकों का सहयोग मिला है। फॉर्म भरने में जिससे सुविधा हो रही है। जिसमें प्रमुख रूप से सुशीला ध्रुव, रामहीन बाई, उषा बाई, कुमारी बाई, हेमबाई, रेवाराम बघेल, दंतेश्वरी बाई, सुकूनबाई, नीलमबाई सेन, दोलो राम साहू, रामलाल,आदि समाजसेवी शीतल ध्रुव ने आम नागरिकों एवं युवाओं से अपील किया है जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों का सहयोग करें।

## सोनाली सोनकर ने 94% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम

**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलवारा में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। इस वर्ष सोनाली सोनकर ने 94% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वे पिपरहट्टा निवासी शत्रुघन सोनकर की सुपुत्री हैं।



द्वितीय स्थान पर सोनल ने 91.5% अंक प्राप्त किए, जबकि मेघा ने 85.5%, बबीता ने 81.8% और प्रदीप ने 83% अंक हासिल किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों एवं परिजनों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पानी का छिड़काव शुरू करने और निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू ने कहा कि महासमुंद-तुमगांव मार्ग पर 19.86 करोड़ की लागत से हो रहे 9.65 किलोमीटर लंबे सड़क चौड़ीकरण (फोरलेन) कार्य में अत्यधिक धूल के कारण बेमचा, परसदा, कौदकेरा और आस-पास के निवासियों व राहगीरों का जीना मुहाल हो गया है। निर्माण स्थल पर बिखरे मुरूम और कछुआ गति के कारण उड़ने वाली धूल से सांस की बीमारियां, आंखों में जलन और खाद्य सामग्री खराब होने की समस्या गंभीर हो गई है।

**उत्साह :** 83 हजार मानक बोरा का लक्ष्य, कुल 560 संग्रहण केंद्रों में खरीदी प्रारंभ

# जिले में तेन्दूपत्ता संग्रहण को लेकर उत्साह, सुबह 4 बजे से ही जंगल के तरफ निकल रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में तेंदुपत्ता को हरा सोना के नाम से जाना जाता है और इन दिनों वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीणों के जिन्दगी में हरा सोना खुशिया ला रही है। तुेदुपत्ता ग्रामीणों के आमदनी का मुख्य जरिया बन चूका है गरियाबंद जिले के वनांचल क्षेत्रों में इन दिनों तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य तेज गति से जारी है। पूरे गरियाबंद जिले में कुल 70 समिति के 560 संग्रहण केन्द्रो में शाम होते ही तेदुपत्ता संग्रहको की भीड़ मड़ाई मेला जैसे लगी रही है और 83 हजार मानक बोरा खरीदी का लक्ष्य है 5500 रू. प्रति मानक बोरा के हिसाब से कुल राशि 45.65 करोड़ रूपये की तुेदपत्ता खरीदी किया जायेगा। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र मे इन दिनो तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य शुरू हो गया है और संग्राहक सुबह 4 बजे से जंगल के तरफ तेन्दुपत्ता संग्रहण के लिए निकल रहे है तेन्दुपत्ता संग्रहण करने के लिए परिवार के साथ छोटे छोटे बच्चो को लेकर जंगल जा रहे है यह एक ऐसा समय है जब वनांचल क्षेत्र मे निवास करने वाले लोगो के लिए किसी त्यौहार से कम नही है तेन्दूपत्ता संग्रहण करने के बाद उससे मिलने वाले आय से परिवार का छह माह का जीविकोपार्जन हो जाता है और इसीलिए परिवार के साथ ग्रामीण तेन्दूपत्ता संग्रहण करने जंगल के तरफ निकल रहे है दोपहर 1–2 बजे तक तेन्दूपत्ता संग्रहण करने के बाद ग्रामीण वापस घर लौटते है और उसे गड्डी बनाकर देर शाम तक फड़ मे जाकर विक्रय करते है। तेन्दूपत्ता संग्रहण कर रहे ग्रामीण महिलाएं गंगाबाई ध्रुव, बसंती, रजुला मरकाम, बिमला बाई, राधिका जानकी, तुलसीराम ध्रुव, जागे"वर ठाकुर मनमोहन वि"वकर्मा ने बताया कि परिवार सुबह 4 बजे उठकर जंगल चले जाते है दोपहर मे तेन्दूपत्ता तोड़कर वापस घर लौटते है फिर तेन्दूपत्ता का गडडी बनाकर फड़ मे ले जाते है तेन्दूपत्ता से आर्थिक आमदनी होती है।







**हरा सोना के मूल्य में वृद्धि , ग्रामीणों को मिलेगा लाभ**

राज्य मे तेन्दूपत्ता लघु वनोपज संग्राहक को संग्रहण परिश्रमिक की राशि सीधे उनके बैंक खातो मे ऑनलाईन भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ एक सॉफ्टवेयर ऑनलाइन एमएफपी कलेक्शन एवं पेमेंट सिस्टम तैयार किया गया है तेन्दूपत्ता संग्राहको को प्रतिमानक बोरा 5500 रूपये पारिश्रमिक भुगतान किया जा रहा है और अलग से बोनस भी दिया जाता है यह भुगतान राज्य के विष्णुदेव सरकार द्वारा बढाई गई है जिसके कारण इसका सीधा लाभ संग्राहको को मिलेगा।

**शिक्षा और छात्रवृत्ति का मिलेगा लाभ-** संग्राहक परिवारों के बच्चों को पढ़ाई में मदद के लिए छात्रवृत्ति और मेधावी छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिया जाता है इसके तहत कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष प्रोत्साहन राशि मिलती है।

**पारदर्शी व्यवस्था और समय पर भुगतान-** तेंदूपत्ता संग्रहण को आसान बनाने के लिए इस बार संग्राहक कार्ड, बोरा, सुतली, गोदाम और परिवहन जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं पर खास ध्यान दिया गया है। पत्तों के भंडारण का बीमा भी कराया जा रहा है, ताकि नुकसान की स्थिति में संग्राहकों पर असर न पड़े। सबसे अहम बदलाव भुगतान व्यवस्था में किया गया है। ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के जरिए सीधे डीबीटी प्रणाली से रकम संग्राहकों के बैंक खातों में भेजी जाएगी, जिससे बिचौलियों की भूमिका खत्म होगी। गरियाबंद वनमंडल के एसडीओ मनोज चन्द्राकर ने बताया की गरियाबंद जिले में कुल 70 समिति के 560 संग्रहण केन्द्रों में खरीदी किया जा रहा है। 83 हजार मानक बोरा खरीदने का लक्ष्य है जिसकी लागत राशि 45.65 करोड़ होगी।

## छुरा में 21 हितग्राहियों के आवास स्वीकृति पत्र पाकर खिले चेहरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर पंचायत छुरा में आज 21 हितग्राहियों को आवास का वितरण/स्वीकृति प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद ने कहा कि यह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने सभी हितग्राहियों को बधाई देते हुए समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण पूर्ण करने की अपील की। सभापति रजनी लहरे ने कहा कि इस योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों का पक्का मकान बनाने का सपना साकार हो रहा है तथा उनके जीवन स्तर में निरंतर सुधार आ रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत छुरा प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष समीम खान, सभापति बलराज पटेल, सलीम मेमन,पार्षद दीप्ती यादव, यामीन खान, पंचराम टंडन, हरीश यादव,रामजी दिवान, शांतनु देवांगन, चंद्रहास सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही भाजपा नेता एवं जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा थानसिंग निषाद, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। अंत में हितग्राहियों ने शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना से उनका पक्का घर बनाने का सपना साकार हो रहा है।



## सतधरा नाला पर 6 करोड़ 74 लाख की लागत से बनेगा पुल

**कोपरा।** क्षेत्र के ग्राम कौनद्केरा और खुड़यिाडीह के लोगों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। जहां सतधरा नाला पर लंबे समय से पुल निर्माण की मांग अब पूरी होने जा रही है। विधायक रोहित साहू के प्रयास से करीब 6 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत से यहां पुल का निर्माण किया जाएगा, जिससे आसपास के कई गांवों के लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। यहां हर वर्ष भव्य मेला कभी आयोजन किया जाता है जहां हजारों लोग दर्शन करने पहुंचते हैं। पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र के ग्राम कौदकेरा के लोगों में खुशी का माहौल बन गया, ग्रामीणों ने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए स्थानीय विधायक रोहित साहू के प्रति उन्हें निवास पहुंचकर आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि पुल बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी। विधायक रोहित साहू ने भी आश्वासन दिया है कि निर्माण कार्य को जल्द शुरू कर समय पर पूरा किया जाएगा, ताकि लोगों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।

## गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी कांग्रेस ने पीएम का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 993 की भारी बढ़ोतरी के विरोध एवं महिला आरक्षण बिल लागू करने की मांग को लेकर आज सोमवार शाम 5 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा रैली निकाल जोरदार प्रदर्शन किया गया और बस स्टैंड मैनपुर मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान कांग्रेस और पुलिस के बीच पुतला दहन को लेकर जमकर झुमा झटकी हुई। प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार लगातार आम जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है गैस सिलेंडर की कीमतों में यह अचानक और भारी वृद्धि आम लोगों के साथ–साथ होटल व्यवसायियों, ढाबा संचालकों और छोटे व्यापारियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है सरकार ने बिना किसी पूर्व सूचना के रातों-रात



दाम बढ़ाकर जनता को झटका दिया है उन्होंने आगे कहा कि यह पहला अवसर नहीं है जब गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं, बल्कि पिछले कुछ समय से लगातार कीमतों में वृद्धि की जा रही है, जिससे आम आदमी का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव ने कहा महिला आरक्षण बिल के नाम पर भाजपा देश की जनता को गुमराह कर रही है कांग्रेस हमेशा से महिला आरक्षण बिल के पक्ष मे रही है और 2023 मे महिला आरक्षण बिल पास हो चुका है जिसे लागू किया जाये। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, निहाल नेताम, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष दुलेन्द्र नेगी, शाहिद मेमन, तनवीर राजपूत, डोमार साहू, पारेश्वर नेगी, टीकम कपिल, भुनेश्वर नेगी, नजीब बेग, नीरा कपिल, गीता ठाकुर, दुलेश्वरी नागेश, रेवन दीवान, डिलेश्वर ध्रुवा, घनश्याम यादव, ब्रम्हकुमार ध्रुव, लिलेश चक्रधारी, लिलेश यादव, दयाराम यादव, सुकराम यादव एवं बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से भारी सुरक्षा बल तैनात किये गये थे।

## भेंडरी स्कूल का शानदार प्रदर्शन, 100% रिजल्ट, गगन साहू 95% के साथ अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी ने इस वर्ष केंद्रीय कृत पांचवीं बोर्ड एवं स्थानीय परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज कर शिक्षा क्षेत्र में मिसाल पेश की है। विद्यालय के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरे गांव में खुशी की लहर है। केंद्रीय कृत पांचवीं बोर्ड परीक्षा में गगन साहू ने 95% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि युवराज साहू ने 90% अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। साथ ही पांचवीं में दर्ज 28 बच्चों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण कर कामयाबी हासिल किया



जिसमें 7 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया।कक्षा चौथी के छात्र जयकुमार साहू ने 99 प्रतिशत अंक तीसरी के तन्मय ध्रुव ने 94 प्रतिशत,दूसरी के क्षमा साहू ने 95 पहली के ओमप्रकाश यादव 93प्रतिशत अंक प्राप्त प्रथम स्थान पर रहे। कक्षा चौथी चंद्रकांत साहू 97 प्रतिशत,तीसरी के हुसमिता साहू 91 प्रतिशत,दूसरी के खुशमिता ध्रुव 88 प्रतिशत एवं पहली के त्रानवी ध्रुव 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे। प्रथम,द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को मेडल पहना कर सरपंच तुलेश्वरी साहू एवं अतिथियों ने सम्मानित किया।

## जमाही में राशन दुकान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा-बेलर

ग्राम पंचायत छुईहा के आश्रित ग्राम जमाही में गुरुवार को शासकीय उचित मूल्य दुकान का विधिवत शुभारंभ किया गया। आजादी के बाद पहली बार गांव में राशन दुकान की सुविधा उपलब्ध होने से ग्रामीणों में विशेष उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया। लंबे समय से ग्रामवासियों द्वारा इस मांग को उठाया जा रहा था।



स्थानीय सरपंच श्रीमती विद्या सिन्हा एवं भाजपा नेता गजेश्वर सिन्हा ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए विभिन्न जनप्रतिनिधियों और शासकीय कार्यालयों तक पहुंचाया। इस दौरान राजिम विधायक रोहित साहू के जमाही आगमन पर ग्रामीणों ने प्रमुखता से अपनी मांग रखी, जिस पर उन्होंने त्वरित संज्ञान लेते हुए खाद्य मंत्री से चर्चा कर स्वीकृति दिलाई। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। अब तक ग्रामवासियों को बारिश, ठंड और तेज धूप में राशन लेने के लिए छुईहा जाना पड़ता था, जिससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। गांव में ही पीडीएस के तहत चावल मिलने की व्यवस्था शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति चरौदा के प्राधिकृत अधिकारी इतवारी राम सिन्हा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच श्रीमती विद्या सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष जगदीश राम मरकाम, उपसरपंच गजेश्वर सिन्हा, भाजपा कार्यकर्ता दुर्गा राम यादव, बूथ अध्यक्ष रामलाल यादव ,अलख यादव, सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के हाथों प्रथम तौल कर मेनका ध्रुव एवं रामलाल यादव को पीडीएस चावल वितरित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं समिति कर्मचारी मौजूद रहे।

## भाजपाइयों की हुई बैठक

**महासमुंद।** भाजपा शहर मंडल द्वारा भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय में पदाधिकारी के साथ मासिक बैठक रखी गई थी। सिका ने अपने पदाधिकारी के साथ आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई एवं शक्ति केंद्र एवं बूथ के विस्तार को लेकर चर्चा की गई।




**गांव के 3 में से 2 बोरवेल वोल्टेज की कमी के कारण बंद**


# दुल्ला में लो वोल्टेज, जल जीवन मिशन की टंकी भी अधूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ग्राम दुल्ला में इन दिनों लो वोल्टेज और अधूरे जल जीवन मिशन के कार्य के कारण ग्रामीणों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली की कमी के चलते जहां बोरवेल नहीं चल पा रहे हैं, वहीं घरों में कूलर और पंखे भी ठीक से काम नहीं कर रहे, जिससे भीषण गर्मी में जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव के आधे हिस्से में छुरा की ओर से और बाकी हिस्से में कोसमी की ओर से बिजली सप्लाई दी जा रही है। कोसमी लाइन में लगातार लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है, जिससे पानी की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो रही है। गांव में मौजूद तीन बोरवेल में से केवल एक ही बोर पर्याप्त वोल्टेज मिलने के कारण चल पा रहा है, जबकि अन्य दो बोर बंद पड़े हैं। स्थिति यह है कि ग्रामीणों को अब अपने घरों में कूलर-पंखे चलाने के लिए स्टेबलाइजर का सहारा लेना पड़ रहा है। इसके बावजूद भी पर्याप्त राहत नहीं मिल पा रही है।

इधर, केंद्र शासन की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत गांव में पाइपलाइन तो बिछाई गई है, लेकिन पानी टंकी का निर्माण अभी तक अधूरा है। जानकारी के अनुसार



टंकी में सीपेज की समस्या भी सामने आई है, जिसके चलते पिछले दो महीनों से निर्माण कार्य पूरी तरह बंद पड़ा है। ग्राम सरपंच शशि प्रभा ने बताया कि ठेकेदार को कई बार कार्य पूरा करने के लिए फोन किया गया, लेकिन वह संपर्क में नहीं आ रहा है। मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से भी की गई है।

### सीपेज के चलते काम बंद

वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष केसरी ध्रुव ने कहा कि टंकी का निर्माण होने के बावजूद गांव में पानी सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है और सीपेज के कारण काम बंद है, जो योजनाओं के क्रियान्वयन पर सवाल खड़ा करता है। ग्रामीण गणेश यादव ने बताया कि लो वोल्टेज के कारण पानी की समस्या लगातार बनी हुई है और अब तो घरेलू उपकरण भी सही से नहीं चल पा रहे हैं। इस संबंध में पीएचई विभाग के एसडीओ नवीन साहू ने बताया कि यह कार्य रेट्रोफिटिंग योजना के तहत किया जा रहा है। जिन क्षेत्रों में पहले से पाइपलाइन थी, वहां बदलाव नहीं किया गया है, जबकि नए क्षेत्रों में पाइपलाइन डाली गई है। ठेकेदार द्वारा दो महीने से कार्य बंद करने पर नोटिस जारी करने और आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है, ताकि जल्द से जल्द टंकी का कार्य पूरा कर पानी सप्लाई शुरू की जा सके।

